Disclaimer : This content is not created or owned by Info Edge (india) Limited

# UP BOARD QUESTION PAPER - 2025

## CLASS - 12

## SUBJECT : BUSINESS STUDIES

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**(Multiple Choice Type Questions)**

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. प्रबन्ध का कर्मचारियों को सर्वाधिक प्रेरणा देने वाला कार्य है

(अ) स्टाफिंग

(ब) अभिप्रेरणा

(स) संगठन

(द) नियंत्रण

2. वैज्ञानिक प्रबन्ध से लाभों में होती है

(अ) वृद्धि

(ब) कमी

(स) कोई प्रभाव नहीं

(द) (अ) एवं (ब) दोनों

3. भारत में आर्थिक उदारीकरण की नीति लागू हुई

(अ) वर्ष 1991 में

shiksha

(ब) वर्ष 1995 में

(स) वर्ष 2001 में

(द) वर्ष 2005 में

4. बजट है

(अ) निष्पादन का नियोजित लक्ष्य

(ब) भविष्य के कार्य कलापों का योग

(स) संसाधनों का क्रमबद्ध वितरण

(द) आशान्वित परिणाम का अंकों में अभिव्यक्ति की विवरण

5. कर्मचारियों की स्वेच्छा पर निर्भर करता है

(अ) औपचारिक संगठन

(ब) क्रियात्मक संगठन

(स) अनौपचारिक संगठन

(द) विभागीय संगठन

6. नियुक्तिकरण उत्तरदायित्व है

(अ) निम्न प्रबन्ध का

(ब) मध्य प्रबन्ध का

(स) उच्च प्रबन्ध का

(द) इनमें से सभी

shiksha

7. अभिप्रेरित कर्मचारियों को पारितोषित किया जाता है

(अ) ऋणात्मक

(ब) धनात्मक

(स) आंतरिक

(द) इनमें से कोई नहीं

8. प्रबन्धकीय नियंत्रण किया जाता है

(अ) निम्न स्तरीय प्रबन्धकों द्वारा

(ब) मध्यम स्तरीय प्रबन्धकों द्वारा

(स) उच्चतम स्तरीय प्रबन्धकों द्वारा

(द) सभी स्तरीय प्रबन्धकों द्वारा

9. कार्यशील पूँजी का स्रोत है

(अ) देनदार

(ब) बैंक अधिविकर्ष

(स) रोकड़ विक्रय

(द) इनमें से सभी

10. विपणन पर व्यय किया गया धन है

(अ) बर्बादी

(ब) अनावश्यक व्यय

(स) ग्राहकों पर भार

shiksha

(द) विनियोजन

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

11. गति अध्ययन से क्या अभिप्राय है ?

12. नियोजन में प्रक्रिया क्या है ?

13. औपचारिक संगठन की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिये ।

14. कार्य आवर्तन से क्या आशय है ?

15. एक अच्छे नेतृत्व की दो विशेषतायें लिखिये ।

16. नियंत्रण प्रक्रिया के किन्हीं दो चरणों के नाम बताइये ।

17. पूँजी संरचना के दो प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ?

18. पैकेजिंग के दो लाभ बताइये ।

19. सन्देशवाहन की प्रक्रिया में सम्मिलित दो तत्व लिखिये ।

shiksha

20. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार उपभोक्ता को प्राप्त दो उपचार बताइये ।

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

21. वैज्ञानिक प्रबन्ध की किन्हीं पाँच सिद्धान्तों को लिखिये ।

22. कर्मचारियों के भर्ती एवं चयन में अन्तर बताइये ।

23. संगठन के चरण कौन-कौन हैं ?

24. भर्ती के आन्तरिक स्रोत क्या हैं ?

25. 'औपचारिक' तथा 'अनौपचारिक' सन्देशवाहन में अन्तर बताइये ।

26. पूँजी ढाँचा किसे कहते हैं ? इसे निर्धारित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए ।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

27. प्रबन्ध के कार्यों की व्याख्या कीजिये ।

28., चयन प्रक्रिया से सम्बन्धित विभिन्न चरणों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिये ।

29. नियंत्रण की परिभाषा दीजिये । नियंत्रण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए ।

30. "उत्पाद मिश्रण" शब्द को समझाइये और इसके अवयवों का वर्णन कीजिए ।

shiksha